<u>शोक प्रकाश</u>

माननीय सदस्यगण,

विगत सत्र से अब तक की अवधि में हमारे बीच से कई राजनेता, कलाकार, समाजसेवी, साहित्यकार और आम-नागरिक गुजर गये। इनमें से माधव लाल सिंह, मन्नान मलिक, बेनी प्रसाद गुप्ता, हरिराम, मुकुल रॉय, भुवनचंद्र खंडूरी, मोहसिना किदवई, अबू हासेम खान चैधरी, एच. के. दुआ, सुभाष कश्यप, आषा भोंसले, बशीर बद्र, तीजनबाई, जसपाल राणा, विश्वनाथ शर्मा आदि प्रमुख है।

पूर्व परिवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री तथा वर्ष 1985, 1990, 2000 तथा वर्ष 2009 में गोमिया विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले माधव लाल सिंह का दिनांक- 13 मई, 2026 को निधन हो गया। स्व0 सिंह ने वर्ष 2000 में बिहार सरकार में श्रम मंत्री का कार्यभार संभाला था। वर्ष 2011 में उन्हें झारखण्ड विधान सभा द्वारा उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया था। झारखण्ड के राजनीतिक जगत में स्व0 सिंह के निधन से शून्यता पैदा हुई है।

पूर्व पशुपालन मंत्री तथा वर्ष 2009 में धनबाद विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मन्नान मल्लिक का दिनांक-14 जुलाई, 2026 को निधन हो गया। स्व0 मल्लिक को कोयलांचल में मजदूरों के अधिकार, सामाजिक सुधार, बेहतर वेतन और उनके कार्य परिस्थितियों में सुधार के लिए सदैव याद रखा जाएगा।

वर्ष 1990 तथा वर्ष 1995 में पाकुड़ विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व माननीय सदस्य बेनी प्रसाद गुप्ता का

दिनांक-03 जून 2026 को निधन हो गया। उनके निधन से हम सभी मर्माहत हैं।

वर्ष 1985 से वर्ष 1990 तक काँके विधान सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व माननीय सदस्य हरिराम का दिनांक-03 जुलाई, 2026 को निधन हो गया।

एकीकृत बिहार में पूर्व खनन मंत्री लक्ष्मण राम का दिनांक- 24 मार्च, 2026 को निधन हो गया वे हुसैनाबाद, छत्तरपुर से थे।

पूर्व रेलमंत्री तथा पष्चिम बंगाल से दो बार के राज्य सभा सांसद मुकुल रॉय का दिनांकः- 22.02.2026 को निधन हो गया।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी का दिनांक-19 मई, 2026 को निधन हो गया। उनके निधन से हम मर्माहत हैं।

वरिष्ठ नेत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का दिनांक-08 अप्रैल, 2026 को निधन हो गया।

वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चैधरी का दिनांक-09 अप्रैल, 2026 को निधन हो गया। इन्होंने मालदा दक्षिण लोक सभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया था।

प्रख्यात पत्रकार और राज्यसभा के पूर्व सदस्य एच. के. दुआ का दिनांक- 04 मार्च, 2026 को निधन हो गया।

पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित प्रख्यात संविधान विषेषज्ञ और लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी. कश्यप का दिनांक- 04 जून,

2026 को निधन हो गया। स्व0 कश्यप भारतीय संविधान और संसदीय व्यवस्था के जाने माने शख्सियत थे।

पार्श्व गायन में सुरों की मलिका कहीं जाने वाली आषा भोंसले का दिनांक-12 अप्रैल, 2026 को निधन हो गया। वर्ष 2008 में पद्म विभूषण तथा 09 बार फिल्म फेयर अवार्ड जीतने वाली आषा भोंसले ने अलग-अलग भाषाओं में लगभग बारह हजार से अधिक गाना गाये। इनके निधन से संगीत जगत में सुर-साधना के एक युग का अवसान हो गया।

चर्चित शायर तथा पद्मश्री से सम्मानित बशीर बद्र का दिनांक-28 मई, 2026 को निधन हो गया। फारसी, हिंदी तथा अंग्रेजी के विद्वान स्व0 बद्र ने उर्दू शायरी को विशिष्ट पहचान दिलायी थी। साल 1972 में भारत पाकिस्तान के बीच हुए शिमला समझौते के दौरान उनकी लिखि पंक्तियाँ- ’’दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइशें रहे, जब कभी हम दोस्त हों तो शर्मिंदा न हों’’।

भारतीय लोक परम्पराओं की जीवंत विरासत कही जाने वाली तथा लोकगायन शैली ‘‘पंडवानी’’ को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली तीजनबाई का दिनांक-05 जुलाई, 2026 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1988 मे पदम्श्री, 2003 में पद्म भूषण तथा 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

भारत के दिग्गज निशानेबाज एवं कोच जसपाल राणा का दिनांक-12 जून, 2026 को निधन हो गया। स्व0 राणा उन विरले शख्सियतों में शामिल रहे जिन्हें खिलाड़ी के रूप में अर्जुन और कोच के रूप में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

टेस्ट क्रिकेट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम का सदस्य रहे क्रिकेटर सी0डी0 गोपीनाथ का दिनांक-09.04.2026 को निधन हो गया।

पद्मश्री सम्मान से सम्मानित संथाली लेखक-साहित्यकार रविलाल टुडू का दिनांक-04.06.2026 को निधन हो गया। स्व0 टुडू को वर्ष 2015 में साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा 2026 में पदम्श्री से सम्मानित किया गया था।

प्रख्यात खोरठा साहित्य का सुरेष कुमार विष्वकर्मा का दिनांक-29.05.2026 तथा नागपुरी भाषा की साहित्यकार, डाॅ0 कुमारी बांसंती का दिनांकः- 19 अप्रैल, 2026 को निधन हो गया था। इन्होंने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के लिए चलाये जाने वाले आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

सरायकेला छउ परंपरा के प्रतिष्ठित कलाकार जयंतलाल रथ का निधन दिनांक- 02 जुलाई, 2026 को निधन हो गया। वे सरायकेला छउ के कुषल नर्तक थे और इन्होंने इस गौरवषाली नृत्य परम्परा के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) विश्वनाथ शर्मा का दिनांक-31.07.2026 को निधन हो गया। वे 30 जून 1988 से 30 जून 1990 तक सेना प्रमुख रहें। 1965 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने मेजर के रूप में लाहौर सेक्टर में हिस्सा लिया था।

पद्मश्री सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार कैलाश चंद्र पंत का दिनांक-31.07.2026 को निधन हो गया। वे राष्ट्रभाषा प्रचार समिति सहित कई संस्थाओं से जुड़े थे।

प्रख्यात छायाकार रघुराय का निधन 26 अप्रैल, 2026 को हो गया। उन्हें 1972 में बांग्लादेष युद्ध में कवरेज के लिए पदम्श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने भोपाल गैस त्रासदि का भी कवरेज किया था।

दिनांक-22 जुलाई, 2026 को जम्मू कष्मीर के अनंतनाग जिले में जवान के शहीद होने की घटना तथा दिनांक-06 जुलाई, 2026 को मणिपुर में दो जवानों की शहीद होने की घटना, जम्मू कष्मीर के उधमपुर जिले में 20 अप्रैल 2026 को भीषण हादसे में 25 लोगों की मृत्यु, बारिष एवं भूस्खलन से 19 जुलाई, 2026 को कष्मीर में 16 लोग, नागालैंण्ड में 8 लोग की मौत की घटना, 22 जून, 2026 को लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी आग के कारण 15 छात्रों की दर्दनांक मौत की घटना पीड़ादायक है।

ईश्वर सभी दिवंगत् आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त् परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति प्रदान करे।